	3	4	5	6
5. Kanpur	34.93	3.05	7.80 June	1995
6. Lucknow.	39.88	26.80	12.80 Oct.	1994
7. Mathura	168.86	4.53	39.90 Dec.	1996
8. Mughalsarai	32.07	13.98	9.41 March	1996
9. Varanasi	70.95	23.95	18.72 June	1995

राज्यों में सड़कों के विकास हेतु अतिरिक्त धनराशि

*247. **श्री कैलाश नारायण सारंग:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संसद द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राज्यों की सड़कों के रख-रखाव और विकास हेतु अतिरिक्त धनराशि देने का कोई प्रस्ताव पारित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या नगरीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग के भाग के विकास और रख-रखाव के लिए केन्द्रीय सरकार उत्तरदायी है अथवा इसके लिए राज्य सरकार उत्तरदायी है, और

(घ) यदि इसके लिए केन्द्रीय सरकार उत्तरदायी है, तो क्या यह अपना दायित्व निभा रही है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) जी, हां। तथापि, बजटगत कठिनाइयों के कारण यह संकल्प अभी तक कार्यान्वित नहीं किया गया है।

(ग) और (घ) 20,000 अथवा अधिक जनसंख्या वाले शहरों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के भागों को राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं माना जाता है और सामान्यता इनके लिए स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार होता है। तथापि, ऐसे भागों के रख-रखाव के लिए केन्द्र सरकार प्रति कि.मी. के आधार पर समुचित अंशदान देती है। पात्र शहरी सम्पर्क मार्ग के मामले में ऐसे भागों पर विकास कार्यों के लिए भी राष्ट्रीय राजमार्ग निधि में से पूरा किया जाता है।

मंदार हिल रेलवे लाइन का वैद्यनाथ धाम तक विस्तार करना

*248. **श्री जनार्दन यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मंदार हिल रेलवे लाइन का वैद्यनाथ धाम तक विस्तार करने का विचार रखती है;

(ख) क्या यह सत्य है कि वैद्यनाथ धाम विश्व के प्राचीन धार्मिक स्थान के रूप में जाना जाता है;

(ग) क्या तीर्थयात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस रेलवे लाइन का विस्तार आर्थिक दृष्टि से भी उपयोगी है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी, नहीं।